आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 20.03.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में धामी मंत्रिमंडल का विस्तार। पांच नवनियुक्त मंत्रियों ने पद व गोपनीयता की शपथ ली।
- हरिद्वार जिला पूर्ति विभाग ने शहर के कई होटलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। पांच घरेलू गैस सिलेंडर जब्त।
- पौड़ी जिले में मतदाता सूची से संबंधित जानकारी के लिए जन सहायता केन्द्र स्थापित। टोल–फ्री नंबर जारी।
- प्रदेश में बारिश और बर्फबारी से ठंड बढ़ी।

**मंत्रिमंडल विस्तार**

प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए पांच विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। आज लोकभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने नवनियुक्त मंत्रियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में राजपुर से विधायक खजान दास, रुद्रप्रयाग से भरत सिंह चौधरी, हरिद्वार से मदन कौशिक, रुड़की से प्रदीप बत्रा और भीमताल से विधायक राम सिंह कैड़ा शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी नवनियुक्त मंत्रियों को बधाई देते हुए कहा कि उनके लम्बे अनुभवों का लाभ प्रदेश को मिलेगा।

**छापेमारी**

हरिद्वार जिला पूर्ति विभाग ने शहर में रेलवे स्टेशन के पास कई होटलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। इस दौरान विभाग के कर्मचारियों ने पांच घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश पाल ने बताया कि जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देश हैं कि घरेलू गैस का व्यापारिक इस्तेमाल किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा और पकड़े जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसी के तहत नगर के रेलवे स्टेशना के पास के कई होटलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापा मारा गया। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई में पांच घरेलू गैस सिलेंडरों को दुरुपयोग करने पर जब्त कर लिया गया है। ये सिलेंडर व्यावसायिक उपयोग में लाए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि गैस आपूर्ति पर निगरानी को और मजबूत करने के लिए पूरे जिले की 41 गैस एजेंसियों पर 41 नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं, जो लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। उधर, पौड़ी जिले में घरेलू गैस की कमी की अफवाहों के बीच जिला पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने स्पष्ट किया है कि सभी गैस एजेंसियों पर पर्याप्त मात्रा में गैस उपलब्ध है और उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने जनता से किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न देने को कहा है।

**कैदी**

चम्पावत जिले के न्यायिक बन्दीगृह लोहाघाट से 41 विचाराधीन कैदियों को पिथौरागढ़ जिला जेल में शिप्ट किया गया है। अंग्रेजों के शासनकाल में बंदीगृह भवन का निर्माण कार्य किया गया था, तब से अभी तक लगभग 100 साल तक जिले के विचाराधीन कैदियों को इस न्यायिक बंदीगृह में रखा जाता आ रहा था। लेकिन सुरक्षा कारणो के चलते इन कैदियों को पिथौरागढ़ जिला जेल शिफ्ट कर दिया गया। न्यायिक बंदीगृह प्रभारी, तहसीलदार लोहाघाट, मोहीउद्दीन ने बताया शासन के निर्देशों के तहत कड़ी सुरक्षा के बीच इन विचाराधीन कैदियों को कड़ी सुरक्षा के बीच पिथौरागढ़ जिला कारागार भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि चम्पावत में जिला जेल का निर्माणकार्य गतिमान है। निर्माण पूरा होने के बाद जिले के विचाराधीन कैदियों को चम्पावत जिलाजेल स्थानांतरित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया की बंदी गृह वाले स्थान पर कानूनगो चौकी बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है।

**एसआईआर सहायता केंद्र**

विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर के तहत पौड़ी जिले में मतदाता सूची से संबंधित सूचना, प्रतिक्रिया, सुझाव और शिकायतों के समाधान के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय, पौड़ी गढ़वाल में जन सहायता केन्द्र स्थापित किया गया है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी शांति लाल शाह ने बताया कि हेल्प डेस्क के संचालन के लिए जिला स्वान प्रभारी, राजेश कोहली को नोडल अधिकारी

नामित किया गया है। आमजन की सुविधा के लिए टोल–फ्री नंबर भी जारी किए गए हैं। जिले की सीमा के बाहर से कॉल करने के लिए 0–1–3–6–8–1950 और जिले के भीतर से कॉल करने के लिए 1–9–5–0 नंबर जारी किए गए हैं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी नागरिकों और मतदाताओं से अपील की है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सूची से संबंधित कार्यों जैसे– वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नाम खोजने, नया मतदाता पहचान पत्र बनवाने, नाम जोड़ने, संशोधन या अन्य किसी जानकारी के लिए इन हेल्प डेस्क पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह सुविधा कार्यदिवसों में उपलब्ध रहेगी।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में कल से रुक–रुक कर बारिश जारी है। चारों धाम समेत ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात और निचले हिस्सों में बारिश के चलते ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के निदेशक सी.एस. तोमर ने राज्य के सभी जिलों के अधिकांश स्थानों में हल्की से माध्यम बारिश, जबकि तीन हजार मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वालें क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई है। उन्होंने बताया कि आज देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, चम्पावत और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश व बर्फबारी के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, प्रदेश के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं तेज दौर की बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

**कुंभ**

हरिद्वार में अगले साल कुंभ को लेकर जहां मेला प्रशासन अपनी तैयारियों को अंतिम रुप देने में जुटा हुआ है, वहीं साधु–संतों और अखाड़ों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्री महंत रवींद्र पुरी ने कहा कि कुंभ को दिव्य, भव्य और सुरक्षित बनाने का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जो विजन है, उसमें सभी संत और अखाड़े मुख्यमंत्री के साथ हैं।

**नवरात्र**

आज चैत्र नवरात्र का दूसरा दिन है। इस अवसर पर माँ दुर्गा के दूसरे स्वरूप देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा–अर्चना की जा रही है। बारिश के बावजूद प्रदेश भर के मंदिरों में तड़के से ही पूजन–अर्चन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिल रही है और वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।